
Patrika (Indore), 06th November 2015, Page – 02

# गांवों के लिए बनेगा वैकल्पिक रास्ता



इंदौर @ पत्रिका. प्रशासन व आईआईटी ने बाउंड्रीवॉल से बंद हो रही सार्वजनिक सड़क के विवाद का हल निकालते हुए गांव जाने के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाने का फैसला किया है। इसके लिए सरकारी के साथ ही कुछ निजी जमीन भी अधिग्रहित की जाएगी। सरकार ने सिमरोल के समीप आईआईटी के लिए करीब 500 एकड़ जमीन दी है। इस जमीन से ही सिमरोल से पास के गांवों में जाने का सार्वजनिक रास्ता है। आईआईटी भवन का निर्माण शुरू होने के साथ ही बाउंड्रीवॉल बनाई गई, जिससे यह रास्ता बंद हो गया। इसे लेकर ग्रामीणों का आईआईटी सुरक्षा गार्डों के साथ रोजाना विवाद होने लगा।